ई–मेल–prrajbhavan@gmail.com
मो॰–9431283596

राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने 'अशोक चक्र' से सम्मानित अमर शहीद ज्योति प्रकाश निराला की वीरांगना पत्नी श्रीमती सुषमा नंद को सम्मानित किया

पटना, 26 फरवरी 2018

आज राजभवन में महामहिम राज्यपाल श्री सत्यपाल मलिक ने मरणोपरान्त अशोकचक्र–प्राप्तकर्त्ता अमर शहीद भारतीय वायुसेवा (सुरक्षा) के कॉर्पोरल ज्योति प्रकाश निराला की वीरांगना धर्मपत्नी श्रीमती सुषमा नंद को 50 हजार रूपये का चेक एवं अंगवस्त्रम् प्रदान करते हुए सम्मानित किया।

राज्यपाल ने मुलाकात के दौरान बिहार के रोहतास जिलावासी अमर शहीद ज्योति प्रकाश निराला की वीरांगना पत्नी को ढाढ़स बँधाते हुए कहा कि नवजवान सैनिक निराला जी की अमर शहादत को पूरा देश सदैव याद रखेगा।

महामहिम राज्यपाल से मुलाकात के लिए शहीद की पत्नी, उनके पिता श्री तेज नारायण सिंह एवं चार वर्षीया पुत्री जिज्ञासा राजभवन आये थे।

ज्ञातव्य है कि अमर शहीद कॉर्पोरल ज्योति प्रकाश निराला, जो भारतीय वायुसेना के विशेष 'गरूड़ बल' यूनिट में जम्मू कश्मीर में तैनात थे, विगत 18 नवंबर, 2017 को आंतकवादियों के साथ हुई एक जबरदस्त मुढ़भेड़ में वीरगति को प्राप्त हुए थे। इस मुठभेड़ में सभी छः दुर्दान्त आतंकवादी मार गिराये गये थे। बाद में अमर शहीद ज्योति प्रकाश निराला को उनकी अति असाधारण वीरता के लिए मरणोपरान्त 'अशोक चक्र' सम्मान प्रदान किया गया था।

....